विदेशी नागरिकों के लिए उसी समय सामाजिक सुरक्षा (सेगुरांसा सोसियल) नंबर जारी करना

किसको मिल सकता है

विदेशी नागरिक जो किसी और के लिए काम करने (नौकरी) की शुरुआत करना चाहते है, अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते है या फिर घर जा के मजदूरी / कारीगरी सेवा देने का काम शुरू करना चाहते है.

कहा निवेदन या मांग करनी है

- **मालिक कंपनी :**

उसी समय निस क्रमांक (NISS) सगुरांसा सोसियल दीरेता (Segirança Social Direta) पे ऑनलाइन कर सकते है, उसके लिए फॉर्म और आवश्यक दस्तावेज़ भेजने होंगे, उसके लिए "Documentos de prova/NISS na hora/Pedido da Entidade Empregadora" विकल्पों को क्रमांक से चुनना है.

- **अपना निजी व्यवसाय करने वाले व्यापारी :**

उसी समय निस क्रमांक हासिल करने के लिए दस्तावेज़ों को डिजिटलाइज करके इस ईमेल पे भेजना है : ISS-Pedido-NISS@seg-social.pt

जरुरी दस्तावेज़

नौकरी करने वाले कार्यकर और घरेलु के मजदूरी / कारीगरी का काम करने वाले कार्यकर :

- आवेदन पत्र RV 1009/2018-DGSS और RV 1006/2018-DGSS;
- पहचान पत्र की एक सामान्य कॉपी - पासपोर्ट या सिटीजन कार्ड या अपने मूल देश का कोई नागरिकी पहेचान पत्र;
- वित्त/आयकर विभाग का पहेचान क्रमांक;
- काम के कॉन्ट्रैक्ट की सामान्य प्रति (कॉपी), जिसमे यह जानकारी होनी चाहिए :
    - कर्मचारी का पूरा नाम और पता;
    - मालिक कंपनी का नाम और मुख्यालय का पता;
    - मालिक कंपनी की गतिविधि का क्षेत्र;
    - कर्मचारी का कार्य पद जिसके लीये उसे रखा गया है;
    - काम का स्थान और काम करने के समय की सामान्य अवधि;
    - कर्मचारी का वेतन और वेतन कब कब दिया जायेगा;
    - काम के कॉन्ट्रैक्ट की प्रारंभ तारीख;
    - काम के कॉन्ट्रैक्ट का प्रकार;
    - मालिक और कर्मचारी दोनों के हस्ताक्षर.

घरेलु मजदूरी / कारीगरी का काम करने वाले श्रमिकों को यह निम्नलिखित और भी दस्तावेज देने होंगे :

- काम के भुगतान का करारनामा जो काम की मजदूरी के आधार पे बना हो, यदि यह जानकारी रोजगार करारनामे में शामिल नहीं है;
- राष्ट्रीय स्वस्थ सेवा के चिकत्सक डॉक्टर द्वारा दिया गया काम करने की शारीरिक क्षमता का प्रमाणपत्र;
- काम देने वाली कंपनी के सिविल पहचान पत्र की कॉपी

निजी व्यवसाय करनेवाले व्यापारी ;

- आवेदन पत्र RV 1000/2019-DGSS और RV 1006/2018-DGSS;
- पहचान पत्र की एक सामान्य कॉपी - पासपोर्ट या सिटीजन कार्ड या अपने मूल देश का कोई नागरिकी पहेचान पत्र;
- कर और सीमा शुल्क प्राधिकरण (फाइनेंस) द्वारा जारी कीये स्वतंत्र व्यवसाय के प्रारंभ का सूचनापत्र /घोषणा की प्रति

सामाजिक सुरक्षा की ऑनलाइन वेबसाइट Portal da Segurança Social पे अधिक जानकारी दी गयी है : जिसके लिए क्रमांक से यह विकल्पों का उपयोग करना है
www.seg-social.pt/ Guias Práticos/ Atribuição de NISS NA HORA a Cidadãos Estrangeiros